प्रसारण तिथि : 26.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा में विकास उत्सव में गिनाई सरकार की उपलब्धियां : कहा– डबल इंजन सरकार ने किसानों, युवाओं और गरीबों के लिये उठाये हैं कई कदम।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने दुष्कर्म पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय क विवादास्पद आदेश पर रोक लगाते हुए कहा– आदेश में संवेदनशीलता की कमी।
3. डिफेंस कॉरिडोर भूमि घोटाले में आईएएस अभिषेक प्रकाश समेत 16 अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : राजस्व परिषद की रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री ने दिया आदेश।

और

4. अयोध्या में अगले 20 वर्षों तक हर रामनवमी पर रामलला का होगा सूर्य तिलक : रुड़की के सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने तैयार की विशेष ऑप्टो–मैकेनिकल प्रणाली।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा में विकास उत्सव के तहत प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के अनुरूप राज्य में हुए विकास कार्यों को जनता के सामने रखा। कार्यक्रम में श्री योगी ने 635 करोड़ रुपये की 128 परियोजनाओं का लोकार्पण व

शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने किसानों, युवाओं और गरीबों के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 8 साल में साढ़े 8 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। बाइट.....

*प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है आज देश के सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे यूपी के पास, इंटर स्टेट कनेक्टिविटी यूपी के पास, सबसे अधिक मेट्रो यूपी के पास, सबसे ज्यादा रेलवे का नेटवर्क यूपी के पास, सबसे अच्छी हाईवे यूपी के पास, सबसे ज्यादा एयरपोर्ट यूपी के पास और सबसे ज्यादा युवा ऊर्जा प्रतिभाशाली युवा उत्तर प्रदेश के पास।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगरा में नाथ संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरक्ष पीठाधीश्वर के रूप में संतों की धर्म सभा में भी शामिल हुए उन्होंने कहा कि महाकुंभ के बाद संतों का सबसे बड़ा जमावड़ा आज ब्रज की भूमि पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नाथ संप्रदाय का एक म्यूजियम बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है।

---

प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर सभी जिलों में विकास उत्सव का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में आज राज्यपाल आनंदी बेन पटेल न श्रावस्ती और बलरामपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। राज्यपाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जनहित के लिए

योजनाएं बनाती है लेकिन उनका क्रियांवयन अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के प्रयास से ही हो सकता है। बाइट..

*जब लक्ष्य निर्धारित होता है तो लक्ष्य को पूर्ण करने का काम अधिकारियों का तो होता ही लेकिन साथ साथ में सरकार में वरिष्ठ लोग जो बैठे है चाहे वह मंत्री के रूप में हो, चाहे वह विधायक के रूप में हो, चाहे पंचायतों में ग्राम प्रधान के रूप में काम करते हो। यह सभी का दायित्व बनता है कि जो योजनाएं बनी है यह योजना आपके गाँव तक पहुँची है की नहीं पहुँची है वह काम का जायजा लेना यह हमारा काम है।*

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज कानपुर के चंद्रशखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में सेवा, सुशासन और सुरक्षा की नीति पर आधारित प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया।इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। बाइट.....

*हमारी जिम्मेदारी सबसे पहले थी पानी बिजली सड़क स्कूल अस्पताल जो इंफ्रास्ट्रक्चर है उसे हम बेहतर बनाए। आज हम इन आठ वर्षों में कह सकते हैं कि उत्तर प्रदेश राज्य बीमारू राज्य के तमगे से बाहर निकल कर के एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित हो रहा है। बदहाली से हम निकल कर के एक बेहतर से बेहतर स्थिति में लाने का काम इन आठ वर्षों में हमारी सरकार ने किया है।*

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने आज फर्रूखाबाद में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की 8 साल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि बीते आठ साल में प्रदेश में पर्यटन को लेकर अभूतपूर्व विकास हुआ है। गोरखपुर में प्रदेश के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जनसभा में कहा कि आज प्रदेश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

———————

सर्वोच्च न्यायालय ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के छेड़छाड़ और अनुचित स्पर्श के विवादित आदेश पर रोक लगाते हुए कहा है कि यह निर्णय असंवेदनशीलता का परिचायक है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के विवादित आदेश में कहा गया है कि अनुचित स्पर्श या वस्त्र से छेड़छाड़ दुष्कर्म का प्रयास नहीं है और अभियोजन पक्ष को द्ष्कर्म के आरोप सिद्ध करने के लिए आवश्यक सबूत पेश करने चाहिए थे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*17 मार्च को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ ने कासगंज में आरोपी की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए यह विवादित निर्णय दिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस निर्णय के खिलाफ वी द वूमेन ऑफ इंडिया नामक संगठन ने सर्वोच्च न्यायालय में मामले को उठाया था। जिसका संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा में संवेदनशीलता की कमी लगती है। शीर्ष न्यायालय ने इस मामले में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिफेंस कॉरिडोर भूमि घोटाले में लखनऊ के तत्कालीन डीएम आईएएस अभिषेक प्रकाश समेत 16 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। आईएएस अभिषेक प्रकाश निवेशक से कमीशन लेने के मामले में पहले ही निलम्बित हो चुके हैं।

डिफेंस कॉरिडोर भूमि घोटाले में कोर्ट के आदेश पर राजस्व परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष डा. रजनीश दुबे ने पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट शासन को सौंपी थी। राजस्व परिषद ने इस रिपोर्ट को कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री के पास भेजा था, जहां से संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की 30 मार्च को आकाशवाणी पर होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800के माध्यम से दिए जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माय गॉव ओपन फोरम के

माध्यम से भी ऑन–लाइन सुझाव 28 तारीख तक साझा किए जा सकते हैं।

————————

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से आयोजित विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 01 से 04 मई, 2025 तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में शामिल होने के लिए मीडिया प्रतिनिधि पंजीकरण आज से शुरू हो गया है। इसमें पत्रकारों, फ़ोटोग्राफ़रों, कंटेंट क्रिएटर्स और मीडिया पेशेवरों को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को कवर करने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। वेव्स भारत का अपनी तरह का पहला वैश्विक मंच है, जो देश की रचनात्मक शक्ति को बढ़ाने और इसे कंटेंट निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए समर्पित है।

————————

अयोध्या में अगले 20 वर्षों तक हर रामनवमी पर रामलला का सूर्य तिलक करने की योजना बनाई गई है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के सूर्य तिलक के लिए रुड़की के सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक विशेष ऑप्टो–मैकेनिकल प्रणाली विकसित की है। बाइट.....

*रामनवमी में जो सूर्यकिरण की व्यवस्था की जानी है उस पर भी चर्चा की जो शिखर की प्रगति है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि जो परमानेंट व्यवस्था होगी सूर्यकिरण की अगले बीस वर्ष के लिए तो वह व्यवस्था संभव हो पाएगी यानी अब अस्थायी की बजाय स्थायी व्यवस्था इस वर्ष के सूर्यकिरण की होगी।*

——————————

**चैत्र नवरात्रि पर 30 मार्च से देवीपाटन मंदिर में लगने वाले मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*चैत्र नवरात्रि पर देवीपाटन मंदिर में होने वाले मेले के लिए सुरक्षा केकड़े प्रबंध किए गए हैं। पूरे मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र को दो जोन और सात सेक्टर में बांटा गया है जहां दो हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। मेला प्रभारी राजेश पाल ने बताया कि मेले में आग लगने जैसी आकस्मिक घटनाओं से निपटने के लिए आठ फायर सर्विस टीमें भी लगाई जाएंगी। साथ ही डॉग स्क्वायड और पीएसी की दो कंपनियां भी सुरक्षा को मज़बूत बनाएंगी। मेला और मंदिर परिसर की निगरानी के लिए 132 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिनकी मॉनिटरिंग दो मेला कंट्रोल रूम और मंदिर प्रशासन के विशेष केंद्र से की जाएगी। राम कुमार, आकाशवाणी समाचार, बलरामपुर।*

——————————

**आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। यह मुकाबला गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।**

——————————

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, मिर्जापुर, चंदौली और वाराणसी में गर्मी को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग का अनुमान है कि अगले 48 घंटों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2–5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होगी।

(समाप्त)